अमन बने युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के अध्यक्ष



अभनपुर। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के मार्गदर्शन व पार्टी सुप्रीमो अमित जोगी ने युवा संगठन का विस्तार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष की नियुक्ति की है। अमित जोगी की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर उपाध्याय, प्रदेश संयोजक नवीन अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष माखन ताम्रकार ने अभनपुर विधानसभा के मोखला निवासी अमन चतुर्वेदी को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जेके युवा संगठन युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ में अभनपुर विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। मोखला निवासी अमन चतुर्वेदी को संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्होंने माखन ताम्रकार, अमित जोगी, रेणु जोगी और ऋचा जोगी के प्रति आभार व्यक्त किया। अमन ने कहा- मैं एक गांव से जुड़ा हुआ साधारण आदमी हूं। गांव की मिट्टी से निकलकर आज विधानसभा स्तर पर काम करने का मौका मिला है, ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। संगठन ने जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं दिल से आभारी हूं। गांव-गांव जाकर युवाओं को जोड़ना और जनसेवा करना ही मेरा लक्ष्य रहेगा।

वल्लभभाई पटेल की जयंती आज, शामिल होंगे मंत्री खुशवंत

आरंग(रायपुर)। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आगामी 31 अक्टूबर को बहुउद्देशीय भवन, नरदहा, रायपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पुण्य स्मरण समारोह, बहुउद्देशीय भवन के नवनिर्मित सभाकक्ष का लोकार्पण, प्रस्तावित भवन का भूमिपूजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़ेदास राम कश्यप करेंगे। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्व मंत्री टंकाराम वर्मा, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल तथा राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

निधन

धनमत वर्मा



आरंग। ग्राम सोनभट्ठा निवासी 61 वर्षीया धनमत वर्मा का शुक्रवार को पूर्वान्ह में आकस्मिक निधन हो गया। वह स्वर्गीय भूषण लाल वर्मा की पत्नी, थानेश्वर, देवेश, उदय व अनिता वर्मा की मां थीं। अंतिम संस्कार सोनभट्ठा के मुक्तिधाम में अपराह्न में संपन्न हुआ।

[प्राकृतिक आपदा से फसलें बर्बाद] महीनों की मेहनत पर फिरा पानी, कृषक बेहाल

सरकार फसल के नुकसान का मुआवजा तत्काल दें: ताम्रकार

स्वदेश समाचार ■ अभनपुर(रायपुर)

अर्नब तूफान के कारण अभनपुर विधानसभा में किसानों की धान की फसल को हुए भारी ने नुकसान पर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष माखन ताम्रकार ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रभावित किसानों की फसलों का तत्काल सर्वे कराने, नुकसान का आकलन करने और पात्र किसानों ने को शीघ्र मुआवजा एवं फसल बीमा राशि का भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अर्नब तूफन ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसान दिन-रात मेहनत करके धान की फसल तैयार की, खेती में अपनी जमा पूंजी लगाई और कर्ज लेकर खाद, बीज एवं दवाइयों की व्यवस्था की। अब जब प्राकृतिक आपदा से फसलें बर्बाद हो रही हैं, तब किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि पटवारी हड़ताल पर हैं और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर किसानों की फसलों के नुकसान का आकलन कौन करेगा।



खेतों में बिछ गईधान की फसल जलभराव से किसान परेशान

आरंग। अर्नब तूफान के असर से खेतों में बिछ चुकी धान की फसल को बचाने शुक्रवार सुबह से ही किसान अपने खेतों में उतरकर पानी निकासी की जद्दोजहद में जुटे रहे। खेतों में जमा पानी को बाहर निकालने के लिए किसान छोटी-छोटी नालियां बनाकर निकासी के रास्ते तैयार करते नजर आए। वहीं, जिन खेतों में धान की खड़ी फसल पानी में डूबी हुई है, वहां भी पानी बाहर निकालने के लिए निकासी द्वार बनाए जा रहे हैं।

खेती की बढ़ती लागत और आर्थिक दबाव से जूझ रहे किसान

उन्होंने कहा कि फसल बर्बाद होने के बाद किसानों को तत्काल राहत की जरूरत है, लेकिन यदि सर्वे और नुकसान के आकलन में देरी होती है तो किसानों को मुआवजा मिलने में भी देरी होगी। किसान पहले ही खेती की बढ़ती लागत और आर्थिक दबाव से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में सरकारी व्यवस्था की सुस्ती उनकी परेशानी को और बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल बर्बाद हो गई, उनकी मेहनत और पूंजी संकट में है, लेकिन सरकार की ओर से राहत की प्रक्रिया में देरी किसानों की मुश्किलें और बढ़ा सकती है। सरकार को बताना चाहिए कि फसलों के नुकसान का आकलन कब होगा और किसानों के खाते में मुआवजे की राशि कब पहुंचेगी, किसानों को आश्वासन नहीं, समय पर राहत चाहिए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अनुबाला चक्रवर्ती को दी गई भावभीनी विदाई

स्वदेश समाचार ■ मांढर (रायपुर)



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा के खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी अनुबाला चक्रवर्ती की कार्यावधि पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं सहकर्मियों ने श्रीमती अनुबाला चक्रवर्ती के कार्यकाल के दौरान उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा, सहयोग एवं स्वास्थ्य विभाग में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में स्वास्थ्य योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और मैदानी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने में अहम भूमिका निभाई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धरसींवा जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढिलेंद्र सेन, जनपद सदस्य सभापति पूजा अश्वनी वर्मा, रायपुर जिला स्वास्थ्य विभाग के मुखिया डॉ. मिथिलेश चौधरी (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी), डॉ. विकास तिवारी (खंड चिकित्सा अधिकारी धरसींवा), जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष मेजरवार, डॉ. विजय कुमार एक्का, डॉ. मंजुला भारती, डॉ. सोनम नायक (चिकित्सा अधिकारी), विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जुबेदा अनवर खान, बी.के. वर्मा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मातृ स्मृति में न्योता भोज, कॉपी-पेन वितरित

स्वदेश समाचार ■ आरंग(रायपुर)

दानवीरों की ऐतिहासिक पावन नगरी आरंग में एक भावुक और प्रेरणादायी पहल देखने को मिली, जहां एक बेटे ने अपनी बड़ी मां की स्मृति को सेवा और समर्पण के साथ जीवंत कर दिया। दानदात्री स्वर्गीय सुकुवारों बाई साहू की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके सुपुत्र लोकनाथ साहू, देवनाथ साहू, त्रिलोकी साहू, श्याम साहू (श्याम बाजार, आरंग) ने शासकीय प्राथमिक शाला सदर रोड आरंग में विशेष न्योता भोज का आयोजन किया। परिजनों ने स्वयं बच्चों के बीच बैठकर उन्हें अत्यंत प्रेम और सम्मानपूर्वक स्वादिष्ट भोजन परोसा। न्योता भोज की थाली में बच्चों के पसंदीदा व्यंजन खीर, गर्म पूरी, सुगंधित चावल, दाल, ताजी मौसमी सब्जी और छोले शामिल थे। मनपसंद व्यंजन पाकर नौनिहालों के चेहरे खुशी से खिल उठे। साथ ही बच्चों को कॉपी एवं लेखनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभापति पार्षद पुष्कर साहू, पंकज सिदार सहित शाला परिवार की जया वर्मा, सोनल मिश्रा, केसरी ढीढी, पवन कुमार साहू और पिंकी गुप्ता की सहभागिता रही।

धमनी-नवागांव सड़क के लिए 11.69 करोड़ स्वीकृत

आरंग। आरंग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब की पहल और प्रयासों से क्षेत्र के धमनी-कोटनी पलौद से नवागांव तक सड़क के नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा 11 करोड़ 69 लाख 9 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति के तहत 15.50 किलोमीटर लंबी सड़क का डामरीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा।

बारिश के बीच आरएसएस का पथ संचलन

स्वदेश समाचार ■ आरंग



विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा आरंग नगर में भव्य एवं अनुशासित पथ संचलन का आयोजन किया गया। अर्नब तूफान के चलते बरसते पानी के बावजूद स्वयंसेवकों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी और उन्होंने बरसते पानी के बीच कदम से कदम मिलाकर नगर भ्रमण किया। यह संचलन स्थानीय बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर अग्रसेन भवन होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। पूरे मार्ग में स्वयंसेवकों का अनुशासन देखते ही बन रहा था। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। संचलन का समापन सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल परिसर में हुआ, जहां बौद्धिक एवं औपचारिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरंग थाना प्रभारी नरेश साहू उपस्थित थे तथा अध्यक्षता नगर संघचालक रामू मिर्धा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. तेजराम जलक्षत्री मंचासीन रहे, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन नगर कार्यवाह मुरारी लोधी द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. तेजराम जलक्षत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि साधना और उपासना का पर्व है। यह अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की शाश्वत विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा, नागपुर की पावन धरा पर संघ का जो बीज बोया गया था, वह आज भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में एक विशाल वटवृक्ष का आकार ले चुका है। उन्होंने युवा पीढ़ी से राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने और संघ से जुड़कर देश सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया।

बादलों में छिपा चांद इंतजार करती रहीं सुहागिनें



आरंग। पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की मंगलकामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को करवा चौथ का निर्जला व्रत पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ रखा। दिनभर भूखी-प्यासी रहकर पति की दीर्घायु की कामना करने वाली महिलाओं को शाम होते ही चंद्र दर्शन का बेसब्री से इंतजार था, लेकिन आसमान में छाए घने बादलों ने उनके इंतजार को लंबा कर दिया। चांद की एक झलक पाने के लिए महिलाएं बार-बार आसमान की ओर निहारती रहीं, मगर बादलों की ओट में चंद्रमा के छिपे रहने से कई महिलाओं को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। करवा चौथ को लेकर सुबह से ही घरों में उत्साह व उल्लास का माहौल रहा। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की और करवा माता की कथा सुनकर अखंड सौभाग्य की कामना की। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को सोलह शृंगार कर पूजा की थाली सजाई गई। छतों और घरों के आंगन में महिलाएं चांद निकलने की राह ताकती नजर आईं। मौसम की बेरुखी के चलते चंद्र दर्शन में हो रही देरी ने उनकी उत्सुकता और बेचैनी दोनों बढ़ा दी। लंबे इंतजार के बाद भी जब बादलों के बीच चांद की झलक नहीं मिली तो कई महिलाओं ने तकनीक का सहारा लिया। भोपाल, जबलपुर, इंदौर, नागपुर सहित अन्य शहरों में रहने वाले परिचितों और रिश्तेदारों से वीडियो कॉल के माध्यम से चंद्रमा के दर्शन किए। वहीं, कुछ महिलाओं ने मोबाइल पर चांद की तस्वीर और वीडियो देखकर व्रत की परंपरा पूरी की।

साय सरकार में किसानों को मिल रहा पूरा हक : बैस

स्वदेश समाचार ■ आरंग

विधानसभा क्षेत्र के गोढ़ी निवासी प्रगतिशील किसान एवं वरिष्ठ किसान नेता कुलेश्वर बैस ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार की कृषि नीतियों की तुलना करते हुए कहा कि साय सरकार में किसानों की मेहनत की कमाई सीधे उनके खातों तक पहुंच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में बिचौलियों का बोलबाला था, जिससे किसानों को उनके हक का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। कुलेश्वर बैस ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने किसानों के हितों को प्राथमिकता दी है। धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ने से बिचौलियों की भूमिका पर अंकुश लगा है। अब किसानों को अपनी उपज का लाभ सीधे प्राप्त हो रहा है। बैस ने आगे कहा कि साय सरकार की किसान हितैषी नीति के तहत 21 क्विंटल प्रति एकड़ की निर्धारित सीमा के मुकाबले कम धान बेचने वाले किसानों को भी 21 क्विंटल के मान से अंतर की राशि का लाभ मिल रहा है।

पेज 5 का शेष

करोड़ों खर्च...

ग्रामीण क्षेत्रों में इन टंकियों से बड़ी आबादी को पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। ऐसे में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की जांच जरूरी हो गई है। संबंधित विभाग द्वारा भौतिक सत्यापन कराए जाने से ही स्पष्ट होगा कि कितनी टंकियों में उपकरण नहीं लगाए गए और इसके लिए जिम्मेदार कौन हैं।

जांच करने...

आरोप है कि इस बात से नाराज होकर रुद्र माझी ने बीट गार्ड के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उनकी वर्दी भी फाड़ दी गई। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

दीपावली पर...

दीपावली से पहले लिया गया यह निर्णय उन्हें आर्थिक राहत प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दीपावली से पहले लिया गया यह निर्णय शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों को आर्थिक राहत प्रदान करने के साथ ही उनके परिवारों में त्योहार की खुशियों और उल्लास को बढ़ाएगा।

ब्रेनवॉश...

नहीं तो महिला को प्रार्थना सभा में ही छोड़ दिया जाएगा। बहरहाल एसडीएम का कहना है अभी फिलहाल लिखित में कोई आवेदन नहीं आई है। आवेदन आने के बाद मामले में कार्रवाई की जाने की बात कही है।

बारिश से...

रामानुजगंज की कन्हर नदी और गुलफुला नदी का जलस्तर लगातार बारिश के कारण बढ़ रहा है। नदी-नालों के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण इलाकों में आवागमन प्रभावित होने की आशंका भी बनी हुई है।

कांग्रेस का...

चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने वालों से मांगा जवाबः डॉ. त्रिवेदी ने मतदाता सूची में गड़बड़ी के कांग्रेस के आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि मतदाता सूची पहले जिला स्तर पर उपलब्ध कराई जाती है। इसके बाद राज्य और केंद्रीय चुनाव आयोग के स्तर पर आपत्तियां दर्ज कराने की वैधानिक व्यवस्था है। कांग्रेस ने इन सभी स्तरों पर आपत्ति क्यों नहीं की? उसे अपने बूथ लेवल एजेंट, जिला अध्यक्षों और प्रदेश इकाई से जवाब मांगना चाहिए। उन्होंने 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं होने के कांग्रेस के आरोप पर भी सवाल उठाया और कहा कि जिन चुनावों के परिणाम हाल ही में आए हैं, उनके फुटेज मांगने का अभी भी समय है। कांग्रेस बताए कि उसने इसके लिए क्या कदम उठाए हैं।

संवैधानिक संस्थाओं पर भ्रम फैलाने का आरोपः भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस ने राफेल, सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट और ऑपरेशन सिंदूर से लेकर अर्थव्यवस्था, एलआईसी, एसबीआई और एचएएल तक को लेकर सवाल उठाए। कोरोना के दौरान टीकों को लेकर भी भ्रम फैलाया गया। अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति का आधार सकारात्मक विकल्प देने के बजाय संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करना बन गया है। पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कंडेय, वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय तथा प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्राही उपस्थित थे।

नक्सलमुक्त...

जो कम आबादी और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्धारित मापदंडों में पात्र नहीं हो पाते। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ऐसे गांवों के लिए विशेष छूट देने का अनुरोध केंद्र सरकार से किया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए सर्वेक्षण और आगे की प्रक्रिया की जानकारी दी है।

100 से कम आबादी वाले गांवों के लिए मांगी छूटः बस्तर के कई गांव घने जंगलों और दूर-दूर तक फैली छोटी बसाहटों में स्थित हैं। इनमें अनेक गांवों की आबादी 100 से भी कम है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि नक्सलवाद से मुक्त हुए इन गांवों को सड़क सुविधा देने के लिए विशेष छूट दी जाए। उन्होंने सुझाव दिया है कि 10 किलोमीटर की परिधि में स्थित छोटी-छोटी बसाहटों को एक क्लस्टर मानकर उनकी संयुक्त आबादी के आधार पर सड़क निर्माण की स्वीकृति दी जाए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि शेष पात्र बसाहटों की पहचान और सड़क जरूरतों का आकलन करने के लिए ग्राम सड़क सर्वेक्षण ऐप के माध्यम से चार माह का सर्वे शुरू किया गया है। क्लस्टर आधारित व्यवस्था और विशेष छूट के प्रस्ताव का परीक्षण सर्वेक्षण से मिले तथ्यों तथा लागू दिशा-निर्देशों के आधार पर किया जाएगा।

सड़क को विकास का आधार मान रही सरकारः उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि नक्सलवाद के प्रभाव में कमी आने के साथ बस्तर में विकास की नई संभावनाएं बन रही हैं। सरकार की प्राथमिकता उन गांवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, संचार और रोजगार की सुविधाएं पहुंचाना है, जहां वर्षों तक भय और असुरक्षा के कारण विकास कार्य प्रभावित रहे।

हेरोइन और...

वह बालोद शहर के नया बस स्टैंड में अपनी कार में बैठकर फोन पर स्थानीय संपर्कों से बात कर रहा था। इसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

कार के डैशबोर्ड में छिपाकर रखा था चिट्टाः बालोद थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा के मुताबिक, बुधवार आधी रात को कार की तलाशी ली गई। इस दौरान डैशबोर्ड के अंदर पारदर्शी झिल्ली में रखा हेरोइन (चिट्टा) और एक देशी पिस्टल मिली। नियमानुसार परीक्षण और तौल करने पर हेरोइन का वजन करीब 6.40 ग्राम पाया गया, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 28 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22(ख) और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गुरुवार शाम उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

निविदा सूचना

ई-टेंडर नोटिस नं: TRS-BIA-26-27-LD-23. **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड भिलाई में 2 साल के लिए 3-फेज लोकोमोटिव के अलग-अलग हिस्सों को अलग करने/ खोलने/ साफ करने और पेंट करने का काम। **काम की लागत:** ₹1,89,98,422.83 (रुपये: रुपये एक करोड़ नवासी लाख अट्ठानवे हजार चार सौ बाईस और तिरासी पैसे मात्र)। **बोली सुरक्षा/ बयाना राशि जमा:** ₹2,45,000/- (रुपये: दो लाख पैंतालीस हजार मात्र)। **कार्य की पूर्णता अवधि:** काम शुरू होने की तारीख से 24 (चौबीस) महीने। **निविदा समाप्ति की तिथि और समय:** 23.11.2026 को 11:30 बजे। **वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं:** http://www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (क.च.स्टा.) भिलाई

PR/R/TRS(BIA)/D360/251

South East Central Railway | @secrail

ग्राम पंचायत -अकोली

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.न.-00021 अकोली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202627440417700001

// ईश्तहार //

तहसील धरसींवा के प.ह.न. 00021 के अंतर्गत ग्राम अकोली के वर्तमान भूमिस्वामी शत्रुहन पि. जीवराखन परषोत्तम नरसिंह कौशल्या सुशीला पीस पिता/पति-जीवराखन देवकुंवर बेवा जीवराखन पता-स देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 219/2(0.1940), 236/2(0.1380), 538/3(0.0810), 369(0.0400), 374(0.1050), 372/1(0.3760), 538/1(0.2630), 22/1(0.1050), 25/2(0.3600), 464(0.0490) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुशीला बाई साहू पिता/पति-जीवराखन साहू पता-अकोली, पुरुषोत्तम साहू पिता/पति-जीवराखन साहू पता-अकोली, शत्रुहन साहू पिता/पति-जीवराखन साहू पता-अकोली, नरसिंह साहू पिता/पति-जीवराखन साहू पता-अकोली, कौशल्या बाई साहू पिता/पति-जीवराखन साहू पता-अकोली के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/11/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान ग्राम पंचायत अकोली पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/10/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर | ग्राम पंचायतः Vedprakas Sahu

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव

-2263708, 2262558 | eeraj-phe-cg@nic.in

// निविदा निरस्तीकरण सूचना//

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, सूचना/सिटस्टम क्रमांक/ 11/201084 एवं12/201086 दिनांक 06-10-2026 (जी क्रमांक 262703820) शून्य निविदा होने के कारण निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)

जी- 262704293/4

कार्यालय प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

(Email ID- itibbzr@rediffmail.com)

// मेहमान प्रवक्ता आमंत्रण //

शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार (सकरी) द्वारा प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के लिये आईटीआई बलौदाबाजार में 01 पद- इंग्लिश लैंग्वेज एवं आईटीआई कसडोल में 01 पद- सेक्रेटेरियल स्टेनोग्राफर हिन्दी के पदों पर मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित किये गये है। आवेदन पत्र केवल स्पीड पोस्ट से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) में दिनांक 29.10.2026 से 06.11.2026 सायं 05:30 बजे तक जमा कर सकते है। आमंत्रण की विस्तृत जानकारी जिला बलौदाबाजार की वेबसाइट https://balodabazar.gov.in एवं आईटीआई बलौदाबाजार की वेबसाइट https://cgiti.cg.gov.in/iti/balodabazar का अवलोकन कर सकते है।

प्राचार्य/संस्था प्रमुख

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)

G-262704312/2

pnb Housing Finance Limited — Ghar Ki Baat

परिशिष्ट-IV-A-ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना

'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' और इसके साथ 'प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002' के नियम (6) के परंतुक के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

पंजी. कार्यालयः 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन-011-23357171, 23357172, 23705414, वेब-www.pnbhousing.com

शाखा का पताः- तीसरी मंजिल, नीले आइकॉनिक, यस बैंक के ऊपर, टीवी टॉवर रोड, शंकर नगर, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़

आम जनता को, और विशेष रूप से कॉलम A में बताए गए उधारकर्ताओं और गारंटरों को सूचित किया जाता है कि कॉलम D में वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां), जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई है, उनका कब्जा (जैसा कि कॉलम C में बताया गया है) मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड /सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। अब इन संपत्तियों को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार जैसी है, जहां है, जैसी स्थिति में है और जो कुछ भी है, उसी आधार पर बेचा जाएगा। यह सूचना उधारकर्ताओं, गिरवी रखने वालों, उनके कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात हों या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों और समनुदेशितियों को दी जा रही है (यदि उधारकर्ता/गिरवी रखने वाले अब जीवित नहीं हैं)। यह सूचना 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट एनफोर्समेंट रूल्स, 2002 (समय-समय पर संशोधित) के नियम 8(6) और 9 के तहत दी जा रही है, जैसा कि कॉलम A में दर्शाया गया है। बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया मेसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड /सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋण संख्या। उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारियों का नाम (A)	मांगी गई राशि और तारीख (B)	कब्जे की प्रकृति (C)	गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण (D)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (E)	ईएमडी (आरपी का 10%) (F)	बोली जमा करने की अंतिम तिथि (G)	बोली वृद्धि दर (H)	निरीक्षण की तारीख और समय (I)	नीलामी की तारीख और समय (J)	ज्ञात भार/न्यायालय मामले (यदि कोई हो) (K)
HOU/RAI/0323/1096418 ओमप्रकाश द्विवेदी/शारदा द्विवेदी, शाखा कार्यालय रायपुर	रु. 3566080.88 और 06.01.26	भौतिक	नया ख नं. 325/809, प्लॉट नं. 348, सिमरन सिटीफेस 2, पीएच नंबर 105/61, मठपुरेना, भाठागांव, मठपुरेना रायपुर, छत्तीसगढ़-492001	2320000 रुपए	232000 रुपए	28.11.26	10000	6 नवंबर, 2026, दोपहर 12.00 बजे - शाम 4.00 बजे	30 नवम्बर, 2026, [illegible]	ज्ञात/ज्ञात नहीं
HOU/RAI/0225/1356419 [illegible], शाखा कार्यालय रायपुर	रु. 3185841.45 और 08.01.26	भौतिक	फ्लैट नंबर 402, चौथा फैमिली यूनिट 02, चौथी मंजिल, लाइट सिटी, सेक्टर 04, कमल विहार, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001	2994000 रुपए	299400 रुपए	28.11.26	10000	4 नवंबर, 2026, दोपहर 12.00 बजे - शाम 4.00 बजे	30 नवम्बर, 2026, [illegible]	ज्ञात/ज्ञात नहीं

इसके साथ ही, भुगतान/वसूली की तारीख तक लागू होने वाला 18% प्रति वर्ष की दर से ब्याज, और अन्य आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भी देय होंगे। PNB हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की जानकारी और समझ के अनुसार, ऊपर बताई गई अचल सुरक्षित संपत्तियों पर, कॉलम ध में बताए गए मामलों के अलावा, कोई अन्य भार या दावे नहीं हैं। यदि कोई अन्य भार सामने आता है, तो उसे सफल खरीदार/बोलीदाता को स्वयं चुकाना होगा। संभावित खरीदारों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इन भारों/दावों की सच्चाई की स्वतंत्र रूप से जांच कर लें। (1.) वर्तमान में, PNBHFL या इसके अधिकृत अधिकारी को इन अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों को बेचने या हस्तांतरित करने से रोकने वाला कोई अदालती आदेश या रोक नहीं है; इस संबंध में स्थिति कॉलम ध में दी गई है। (2.) संभावित खरीदार/बोलीदाता और अन्य इच्छुक पक्ष कॉलम ध में बताए गए कानूनी मामलों, अदालती आदेशों आदि की जांच कर सकते हैं। इसमें PNBHFL के पास मौजूद संबंधित दस्तावेजों (जैसे संपत्ति के मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज) की जांच करना भी शामिल है। बोली जमा करने या अपना प्रस्ताव देने से पहले, उन्हें हर तरह से संतुष्ट हो लेना चाहिए। बोलीदाता को बोली फॉर्म के साथ-साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर भी हस्ताक्षर करने होंगे। (3.) कृपया ध्यान दें कि 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार को बिक्री मूल्य का 25% हिस्सा (जिसमें बयाना राशि भी शामिल है) उसी दिन या अगले कार्य दिवस तक जमा करना अनिवार्य है। सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 9(2) के तहत, जब सुरक्षित लेनदार को बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त हो जाएगा, तभी बिक्री को बोलीदाता के पक्ष में पक्का किया जा सकता है। शेष 75% राशि खरीदार को उस तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी।- बिक्री पुष्टि पत्र मिलने के बाद, यदि निर्धारित राशि जमा नहीं की जाती है, तो अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री राशि के रूप में जमा की गई आंशिक रकम को जब्त कर लिया जाएगा। यह कार्रवाई बिक्री पुष्टि पत्र में उल्लिखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि समाप्त होने के 15 दिनों के भीतर की जाएगी। इसके बाद, SARFAESI अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। (4) मिस C1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री प्रक्रिया में अधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी। इनका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में स्थित है। वेबसाइट- www.bankeauctions.com। संपत्ति के निरीक्षण, बोली दस्तावेज प्राप्त करने, पंजीकरण या किसी अन्य पूछताछ के लिए, आपको श्री विवेक लोढ़ा से संपर्क करना होगा। आप टोल-फ्री नंबर 1800 120 8800 पर कॉल कर सकते हैं, या auction@pnbhousing.com पर ईमेल कर सकते हैं। वे PNBHFL के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। अधिक जानकारी के लिए आप www.pnbhousing.com पर भी जा सकते हैं।

स्थानः रायपुर, दिनांकः 30.10.2026 | हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना दिनांक 29.10.2026

प्रथम आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम करने तिथि दिनांक 18.11.2026 तक है।

एन.आई.टी क्र/ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 241 Tender No. 202743	जिला गरियाबंद के उपसंभाग क्र.1 गरियाबंद में वार्षिक संधारण के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में सी.सी. पेच मरम्मत का कार्य।	रू. 16.95 लाख
NIT NO. 242 Tender No. 202744	जिला गरियाबंद के उपसंभाग राजिम में वार्षिक संधारण के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में सी.सी. पेच मरम्मत का कार्य।	रु. 16.95 लाख
NIT NO. 243 Tender No. 202745	जिला गरियाबंद के उपसंभाग क्र. 2 देवभोग में वार्षिक संधारण के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में सी.सी. पेच मरम्मत का कार्य।	रू. 16.95 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगी, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

अधीक्षण अभियंता, लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

जी- 262704308/3

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़ | आपकी थी चाह, हमने बनाई राह